अपराध — वीडियो वायरल, सात आरोपियों पर मामला दर्ज

# गढ़ी मोहल्ला में बिजली विभाग की टीम पर हमला

**नवभारत, दमोह. सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के गढ़ी मोहल्ला में अवैध रूप से डोरी डालकर बिजली जला रहे उपभोक्ता के द्वारा बिजली विभाग की टीम पर हमला कर दिया. जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर प्रसारित हुआ है. यह घटना शुक्रवार दोपहर की है,जिसमें गढ़ी मोहल्ला में महिला और पुरुषों ने बिजली विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों के साथ मारपीट की है. अपनी जान बचाकर भागे सभी कर्मचारी कोतवाली पहुंचे और अपनी शिकायत दर्ज कराई.**

पुलिस ने आधा दर्जन आरोपियों पर विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है.जानकारी देते हुए मेंटेनेंस अधिकारी एमएस राय ने बताया कि अधिकारियों के निर्देश पर



उनकी टीम गढ़ी मोहल्ला में चेकिंग करने गई थी.जहां बूटी खान नामक महिला द्वारा डायरेक्ट खंभे से डोरी डालकर बिजली जलाई जा रही थी.जब कर्मचारियों के द्वारा यह बिजली की डोरी निकाली गई तो महिला व उनके परिजनों शायरा बानो, अजीज खान,सोनू, सप्पू द्वारा विवाद की स्थिति निर्मित की गई.कर्मचारियों ने समझाया तो उनके साथ मारपीट की गई पथराव किया



गया.मोबाइल फोड़ दिए और गंदी-गंदी गालियां दी गई.जिसमें कनिष्ठ अभियंता शिवानी गुप्ता, पूजा, राजेश व्यास, लाइनमैन गुरदीप सिंह और हेमराज शामिल है.स्थानीय लोगों ने बचाव किया, लेकिन आरोपी किसी की नहीं सुन रहे थे. उन्होंने लगातार मारपीट की.इस घटना का वीडियो भी कर्मचारियों के द्वारा मोबाइल से बनाया गया जिसे आरोपियों ने छुड़ा लिया. इसके बाद दूसरे कर्मचारियों ने वीडियो बनाया जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है. जान बचाकर भागे सभी कर्मचारी कोतवाली पहुंचे जहां पुलिस में अपनी शिकायत दर्ज कराई है.



**इनका कहना है**
बिजली विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों के साथ मारपीट में करीब सात आरोपियों पर विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर उनकी तलाश की जा रही है.
**एचआर पांडे**
सीएसपी

# विधि विधान से मंगल कलश छत्र विराजित किए गए

**कुम्हारी। धर्म की नगरी बनी कुम्हारी नगर में त्रिदिवसीय त्रिरत्न वेदी प्रतिष्ठा श्री जिनवाणी की आस्थप कलश रोहण बेदी पूजन तिलक महा महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन तारण तरण मंडल आचार्य जी महा मुनिराज जिनके परम सानिध्य में ध्वजा रोहण हुआ विधि विधान से मंगल कलश, छत्र, की बोली लगाई गई..**
अनुयायियों ने गाजे बाजे के साथ मंदिर वेदी पर स्थापित किए परम पूज्य आत्मानंद महाराज जी,वैराग्यनंद महराज जी, रजत भैया, प्रतिष्ठाचार्य पंडित जयकुमार जैन, महेश कुमार जैन, भैया सचिन जैन, वही भजनों की मंत्र मुग्ध प्रस्तुति सभी धर्म प्रेमियों को आनंदित कर रही वही सामाजिक ज्ञान, प्रभात फेरी, भाव पूजा, मंदिर विधि, ध्वजरोहण, प्रवचन, पात्र भावना, आरती प्रवचन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आगाज होगा। भाव पूजा बृहद मंदिर विधि मंगल



कलशो का दान प्रभाव पात्र भावना,प्रवचन सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि श्री त्रिवेणी जी पाठ भाव पूजा मंदिर विधि धर्म उपदेश वेद सुता आनंद उत्सव सम्मान समारोह आरती भक्ति प्रवचन आदि कार्यक्रम चल रहे वही शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा की जाती है जो कहीं ना कहीं हमारी संस्कृति को संदेश देते हुए नजर आते हैं।

# संकल्प से समाधान अभियान के तहत शिविर का आयोजन

**नवभारत,दमोह ।** 20 फरवरी 2026 को जनपद पंचायत दमोह अंतर्गत बांदकपुर क्लस्टर में संकल्प से समाधान अभियान के तहत क्लस्टर स्तरीय शिविर आयोजित किया गया.शिविर में बांदकपुर क्लस्टर अंतर्गत 25 ग्राम पंचायतों के अभियान के तहत दिनांक 12 जनवरी 2026 से लेकर दिनांक तक दर्ज विभिन्न विभागों से संबंधित सेवाओं/योजनाओं के कुल 1314 आवेदनो पर कार्यवाही की गई.शेष 902 आवेदनों के निराकरण की कार्यवाही की गई.शिविर में कमल(राजू) ठाकुर जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि,धर्मेंद्र चटन पटेल जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि, सुनील डब्लुया सरपंच, जनपद पंचायत सीईओ हलधर मिश्रा, एसडीओ महेंद्र सिंह, भोजराज दुबे, उपयंत्री सौरभ ठाकरे, अमित अहिरवार, सचिव बांदकपुर हरिशंकर पटैल,आनु वीर सिंह व अन्य ग्राम पंचायतों के सरपंच व जनप्रतिनिधियों के साथ साथ विभिन्न विभागों के खंड अधिकारी/ कर्मचारियों रहें।



## पात्र हितग्राही हुए लाभान्वित

कुम्हारी मे संकल्प समाधान शिविर का आयोजन हुआ 12 जनवरी से 31 मार्च तक संचालन हो रहा जिसमें पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने के उद्देश्य ग्राम पंचायत अंतर्गत 18 पंचायत शामिल रही शिविर में आए हुए पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने के साथ-साथ योजनाओं के प्रति जागरूकता इसी कड़ी में राजस्व विभाग के अंतर्गत पट्टा वितरण किया गया जिसमें 36 लोग लाभान्वित हुए पेंशन के अंतर्गत 66 स्वीकृत प्रकरण हुए 11 विभाग इसमें शामिल हुए हैं जिसमें राजस्व विभाग,श्रम विभाग, विद्युत विभाग, महिला बाल विकास, पशुपालन,सहकारिता आदि कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य साहिल सिंह पहुंचे,तहसीलदार मानसी अग्रवाल,विधायक प्रतिनिधि अंकुश खटीक,सरपंच सचिव, शिक्षा विभाग के सौजन्य से जाति प्रमाण पत्र 30 छात्रों को वितरित किए गए आधार केवाईसी, नवीन जनधन खाते, वही करीब 1015 आवेदन इस दौरान पहुंचे जिनमें स्वीकृति 865 और 150 लंबवत प्रकरण बताए गए।



# कलेक्ट्रेट सभागार में शांति समिति की बैठक आयोजित


**नवभारत,दमोह.** होली, जैन समाज और ईद-उल-फित्र को लेकर दमोह कलेक्ट्रेट सभागार में शांति समिति की बैठक आयोजित कर शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखने तथा आगामी आयोजनों के दौरान समन्वय और सुरक्षा व्यवस्था पर चर्चा की गई.बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने की.बैठक में विशेष रूप से जिला पंचायत सीईओ प्रवीण फुलपगारे, एडीएम मीना मसराम, एएसपी सुजीत सिंह भदौरिया, भावसिंह मासाब, एसडीएम आरएल बागरी, आबकारी अधिकारी रवींद्र खरे, विद्युत विभाग के आलोक गोस्वामी, सीएमएचओ आरके अठया, विद्यासागर पांडे, अमजद डायमंड, वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र अटल, नरेंद्र बजाज, कपिल सोनी, तहसीलदार रॉबिन जैन, टीआई मनीष कुमार, यातायात प्रभारी दलवीर सिंह मार्को, चौकी प्रभारी अभिषेक पटेल, सहित पीएचई विभाग, होमगार्ड/ एसडीईआरएफप्राची दुबे,नगरपालिका व विभिन्न समाजों के प्रमुख प्रतिनिधि उपस्थित रहे.

# जिले के 279 परीक्षा केंद्रों पर 5वीं -8वीं की वार्षिक परीक्षाएं शुरू

**नवभारत,दमोह।** जिले के 279 परीक्षा केंद्रों पर आज से कक्षा 5वीं एवं 8वीं की वार्षिक परीक्षाएं प्रारंभ हो गई हैं। परीक्षाओं के सुचारु व शांतिपूर्ण संचालन के लिए जिला प्रशासन द्वारा विशेष तैयारियां की गई हैं, कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशों के तहत तथा जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रवीण फुलपगारे के मार्गदर्शन में चयनित परीक्षा केंद्रों एकीकृत माध्यमिक शाला नावघाट, अभाना कैरियर कान्वेंट, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल मारूताल को आदर्श परीक्षा केंद्र के



रूप में विकसित किया गया है।इन परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों का फूलों से स्वागत कर सकारात्मक और उत्साहपूर्ण वातावरण तैयार किया गया। विद्यार्थियों को तनावमुक्त माहौल प्रदान करने के लिए केंद्रों पर विशेष व्यवस्थाएं की गईं। परीक्षा के पहले दिन विद्यार्थी उत्साहपूर्वक परीक्षा में सम्मिलित हुए।



## यहां भी शुरू हुई परीक्षाएं

**कुम्हारी ।** कक्षा आठवीं और पांचवी की बोर्ड परीक्षा पैटर्न पर संचालन किया जा रहा जिसमें कुम्हारी संकुल से जुड़े हुए परीक्षा केन्द्र में परीक्षा संचालित नजर आई हिंदी विषय का पेपर हल करते हुए छात्र नजर आए कुम्हारी माध्यमिक शाला में 67 शामिल छात्र पांचवी में जिसमे दो अनुपस्थित रहे कक्षा आठवीं में 145 छात्रों में से 14 अनुपस्थित रहे 6 कक्ष में बैठक संचालित हो रही है केंद्र अध्यक्ष संजीव कुमार जैन सहायक केंद्र अध्यक्ष चंद्रोदय यादव वही हाई स्कूल में संचालित परीक्षा जिसमें कक्षा आठवीं 49 छात्रों में से तीन अनुपस्थित कक्षा पांचवी में 109 में से 11 अनुपस्थित केंद्र अध्यक्ष हेमराज नेताम सहायक केंद्र अध्यक्ष अमित जैन 8 स्कूल के सम्मिलित छात्र परीक्षा मे शामिल एकीकृत विद्यालय हिनौती जहां पांचवी कक्षा में 53 छात्रों में से चार अनुपस्थित आठवीं में 39 में से पांच अनुपस्थित केंद्र अध्यक्ष शैलेंद्र अहिरवार सहायक केंद्र अध्यक्ष राम मनोहर पटेल परीक्षा में तैनात रहे ।

# दस्तक अभियान के माध्यम से बच्चों के स्वास्थ्य की विशेष देखभाल

**नवभारत,दमोह।** मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आर.के. अठया के निर्देशानुसार जिले में बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य व कुपोषण की रोकथाम हेतु दस्तक अभियान का प्रभावी संचालन किया जा रहा है।दस्तक दल द्वारा 5 साल तक के बच्चों के अभिभावकों को बच्चे के संतुलित आहार, स्वच्छता व समय-समय पर स्वास्थ्य जांच के महत्व के बारे में भी जागरूक किया जा रहा है।अभियान के दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों में 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों की नियमित जांच की जा रही है। बच्चों का वजन एवं स्वास्थ्य स्थिति का आंकलन कर कुपोषित व जोखिम वाले बच्चों की पहचान की जा रही है।6 माह से 5 वर्ष तक के एनीमिक बच्चों की फॉलोअप जांच भी संस्था में की जा रही है।साथ ही 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों में रोग से लड़ने की क्षमता बढ़ाने में बेहद उपयोगी विटामिन ए का घोल निर्धारित मात्रा में पिलाया जा रहा है। दस्तक दल में शामिल आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा मॉप-अप दिवस में आंगनबाड़ी केंद्र में अनुपस्थित बच्चों के घरों में पहुंचकर विटामिन ए का घोल पिलाया जा रहा है।

## एक नजर में

### भगवान श्री मल्लिनाथ का मोक्ष कल्याणक महोत्सव 22 एवं 23 को मनाया जायेगा




नवभारत,हटा/दमोह। सुप्रसिद्ध सिद्धक्षेत्र कुण्डलपुर में जैनधर्म के उन्नीसवें तीर्थंकर भगवान श्री मल्लिनाथ नाथ जी का मोक्ष कल्याणक महोत्सव 22 फरवरी 2026 को व आठवें तीर्थंकर भगवान श्री चंद्रप्रभु जी का मोक्ष कल्याणक 23 फरवरी को धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर प्रातः भक्तामर महामंडल विधान,पूज्य बड़े बाबा का अभिषेक, शांतिधारा,पूजन, विधान होगा।अत्यंत भक्ति भावपूर्वक निर्वाण लाडू चढ़ाया जाएगा। सायंकाल भक्तामर दीप अर्चना व पूज्य बड़े बाबा की संगीतमय महाआरती होगी। श्रद्धालु भक्तों से अनुरोध है कुण्डलपुर पधारकर धर्मलाभ अर्जित करें।



### प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत बीमा राशि की गई प्रदान

**नवभारत,हिण्डोरिया।** हिंडोरिया भारतीय स्टेट बैंक शाखा ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाय) के अंतर्गत मृतक बेनी अहिरवाल के परिजन अजय कुमार अहिरवाल को 2 लाख की बीमा राशि प्रदान की है प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत 436 के वार्षिक प्रीमियम पर 2 लाख तक का बीमा कवर मिलता है,जो किसी भी अप्रत्याशित परिस्थिति में लाभार्थी के परिजनों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है,इस अवसर पर शाखा प्रबंधक हिमांशु अग्रवाल,सत्येन्द्र सींग,रत्नेश, मोहित, यश,राजेन्द्र वर्मा भागीरथ पटेल, अशोक कुमार अहिरवाल,पार्षद अरविंद अहिरवाल उपस्थित रहे।



### भव्य शोभा यात्रा आज

**नवभारत,दमोह.** आज शनिवार को शाम 5बजे शहर के शोभायात्रा मार्ग शिवाजी चौक से कीर्ति स्तम्भ से अम्बेडकर चौक होते हुय घंटा घर से सराफा होते हुए टाकीज चौराहे से शिवाजी चौक पर वापिस पहुंचेगी .श्रवण पाठक ने बताया कि शोभायात्रा के पश्चात प्रसाद वितरण के बाद कार्यक्रम की समाप्ति होगी .आयोजक सर्व हिन्दु समाज और निवेदक छत्रपति शिवाजी मंच दमोह है.

### मोहन लाल साहू का निधन



नवभारत,हिण्डोरिया।नगर के अब्दुल्ला वार्ड नं.06 निवासी हरिराम साहू, कमल साहू, मनोहर साहू, अजय साहू के पिता मोहन लाल साहू का 68 वर्ष की आयु मे लंबी बीमारी के चलते शुक्रवार को निधन हो गया है।इनकी शवयात्रा मे सभी वर्गों के लोगों ने भाग लेकर मृतात्मा की शांति के लिये श्रद्धांजलि अर्पित की।

# कांग्रेसियों ने फूंके पुतले



**नवभारत,दमोह.** जिला कांग्रेस कमेटी ने प्रदेशव्यापी आह्वान पर शुक्रवार दोपहर उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल, मंत्री विजय शाह और मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के हालिया बयानों के विरोध में अम्बेडकर चौक से कोतवाली चौराहा के बीच पुतला दहन करने का प्रयास किया,लेकिन जलते हुए पुतलों पर फायर ब्रिगेड की बौछार से पुतले बुझाए गए.बतादे कि कांग्रेसियों ने अलग-अलग तीन से चार पुतले जलाने की कोशिश की,जिससे पुलिस को भारी मशक्कत करनी पड़ी.मौके पर सीएसपी एचआर पांडे,टीआई कोतवाली मनीष कुमार और सब इंस्पेक्टर नीतीश जैन,आरक्षक योगेंद्र सहित मौजूद पुलिस बल



और फायर ब्रिगेड टीम ने तत्परता दिखाते हुए अधिकांश पुतलों को जलने से बचा लिया. हालांकि कुछ पुतले आंशिक रूप से जल गए.इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस प्रशासन के बीच नोंकझोंक भी हुई.प्रदर्शन में अजय टंडन, कांग्रेस जिला अध्यक्ष मानक पटेल, मनु मिश्रा, रजनी ठाकुर सहित भारी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे.




# पॉलीथिन के एकल उपयोग को कहें ना अभियान का आयोजन

**नवभारत,दमोह।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफएक्सीलेंस,ज्ञानचंद्र श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय दमोह में ईकोक्लब के अंतर्गत पॉलीथिन के एकल उपयोग को ना कहो,अभियान का आयोजन किया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य स्वच्छता,स्वास्थ्य और पर्यावरण हितैषी जीवन शैली अपनाना है। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ.पी.के.जैन के मार्गदर्शन व ईको क्लब प्रभारी डॉ मीरा माधुरी महंत के दिशा निर्देश में वनस्पति शास्त्र विभाग में संपन्न हुआ।इस अवसर पर डॉ.नंदराम सुमन (एच.ओ.डी.वनस्पति शास्त्र विभाग) के द्वारा ग्लोबल वार्मिंग से हो रहे नुकसान और ऋतु चक्रण से पर्यावरण पर पड़ रहे प्रभाव की ओर ध्यानाकर्षण किए गए,डॉ.ऋषिभा दीक्षित द्वारा ईको क्लब के विद्यार्थियों को हरित शपथ दिलाई गई और पर्यावरण को सुरक्षित व संरक्षित करने हेतु प्रेरित किया गया।इसी क्रम में सुश्री दीपा पाण्डेय द्वारा पर्यावरण संरक्षण में छात्र छात्राओं का योगदान,स्वच्छता,साथ ही बताया कि पर्यावरण के प्रदूषित होने से मानव भयंकर बीमारी का शिकार हो रहे हैं, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को जागरूक होना अति आवश्यक है।इसके तहत महाविद्यालय के खेल परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया और प्लॉस्टिक के एकल उपयोग को ना कहें, बताया गया।वनस्पति शास्त्र विभाग में सहभागिता करने वाले सभी 25 विद्यार्थियों को जूट से बने छोटे थैले बांटे गए तथा सभी को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।इस अभियान में प्रह्लाद सिंह ठाकुर, जागेश्वर रजक,घसीटा रैकवार सहित छात्र-छात्राऐं उपस्थित रहे।

# जिला प्रशासन की पहल से संरक्षण कार्यों को मिलेगी नई गति : भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण

**नवभारत,दमोह।** ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण की दिशा में दमोह जिले के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि सामने आई है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के जबलपुर मंडल अंतर्गत दमोह में संरक्षण सहायक उप मंडल लगभग तैयार हो चुका है।शीघ्र ही यहां कंजर्वेशन असिस्टेंट की पदस्थापना की जाएगी। यह सफलता जिला प्रशासन के सतत प्रयासों और लगातार पत्राचार का परिणाम रही है। नवस्थापित कार्यालय शहर की एक प्राचीन में बनाया गया है, यह ऐतिहासिक संरचना अपनी मजबूती और स्थापत्य सौंदर्य के लिए विशेष पहचान रखती है। भवन के भीतर ऊपर जाने के लिए 27 फीट 5 इंच ऊंची लोहे की सीढ़ी आज भी सुरक्षित और आकर्षण का केंद्र बनी हुई है।

### संरक्षण कार्यों को मिलेगा संबल

नवगठित उप मंडल कार्यालय दमोह एवं आसपास के संरक्षित स्मारकों के संरक्षण, देखरेख और नियमित रखरखाव से जुड़े कार्यों के लिए स्थापित किया जा रहा




है।सीनियर कंजर्वेशन असिस्टेंट सुभाष कुमार ने जानकारी दी यहां कंजर्वेशन असिस्टेंट सहित आवश्यक सहयोगी स्टाफ की नियुक्ति की जाएगी, जो स्मारकों की मरम्मत, संरचनात्मक मजबूती और संरक्षण संबंधी तकनीकी कार्यों को गति देंगे।

### क्षेत्रीय धरोहरों को मिलेगा लाभ

उन्होंने कहा अब तक जबलपुर मंडल के अंतर्गत सागर, जबलपुर, रीवा और खजुराहो उप मंडल कार्यरत थे। दमोह में नए उप मंडल की स्थापना से क्षेत्रीय स्मारकों के संरक्षण कार्य अधिक सुदृढ़, प्रभावी और समयबद्ध तरीके से संपादित किए जा सकेंगे।वर्तमान भवन में मरम्मत एवं सौंदर्यी करण का कार्य अंतिम चरण में है। प्रशासनिक बैठक के उपरांत औपचारिक उद्घाटन कार्यक्रम की तिथि निर्धारित की जाएगी। यह पहल न केवल ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण को नई दिशा देगी, बल्कि दमोह की सांस्कृतिक पहचान को भी सशक्त बनाएगी।

हादसा — जाम के हालात के कारण स्थानीय निवासी देर तक परेशान

# रफ्तार के कहर के चलते दो ट्रकों की आमने-सामने भिड़ंत

**नवभारत,सिंग्रामपुर/दमोह. जबेरा थाना के सिंग्रामपुर पुलिस चौकी क्षेत्र में एक बार फिर रफ्तार के कहर के चलते ट्रकों की भिड़ंत हो जाने से देर तक जाम के हालात बने रहे। जिससे वाहन चालक राहगीरो के साथ स्थानीय निवासी देर तक परेशान होते रहे। बाद में पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जाम को खत्म करा कर आवागमन को बहाल कराया।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार दमोह-जबलपुर स्टेट हाईवे पर शुक्रवार सुबह सिंग्रामपुर मैन बाजार में दो ट्रको के बीच आमने-सामने भिड़ंत हो गई। भिड़ंत इतनी खतरनाक थी कि एक ट्रक जाकर जितेंद्र जैन के मकान के बाहर बने चबूतरे में जा लगा।इधर दोनों ट्रको के कांच फूट गए, एक ट्रक ड्राइवर को सीने में




चोट आई है। मकान मालिक जितेंद्र जैन ने बताया घर की दहलान में मेरी पत्नी झाडू लगा रही थी तभी अचानक दोनों ट्रक आपस में टकरा गए। ट्रक टकराने के बाद सीधा चबूतरे में आकर लगा। हालांकि पत्नी बाल बाल बच गई नही तो कोई बड़ा हादसा घटित हो सकता था। वही ट्रक की चपेट में हाथ ठेला को नुकसान हुआ है इस दौरान आवागमन प्रभावित होने से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर वन-वे व्यवस्था से यातायात व्यवस्था सामान्य कराई। इधर इस रूट पर आए दिन होने वाले हादसे तथा लगने वाले जाम को ध्यान में रखकर स्थानीय निवासियों द्वारा सड़क चौड़ीकरण की मांग की जा रही है उल्लेखनीय है कि दमोह जबलपुर रोड फोर लाइन बना है लेकिन सिग्रामपुर क्षेत्र में इसके चौड़ीकरण की कोई प्लानिंग फिलहाल नहीं है।

जिसे ध्यान में रखकर ग्रामीणों द्वारा यहां भी सड़क चौड़ी करण कराए जाने के बाद ही नई सड़क के निर्माण कार्य करने की मांग की जा रही है।सड़क हादसे के संदर्भ में चौकी प्रभारी गणेश दुबे ने बताया कि पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों ट्रक को हटवाकर आवागमन को बहाल कर दिया वही ट्रकों को जप्त कर चौकी ले जाया गया है।

# फार्म हाउस के सामने संदिग्ध अवस्था में मिला युवक का शव

## एक दिन पहले घर से हुआ था लापता

**नवभारत,दमोह.** जिले के देहात थाना क्षेत्र की जबलपुर नाका चौकी अंतर्गत मलैया कृषि फार्म के सामने शुक्रवार सुबह एक युवक का शव पड़ा मिला है.स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी मृतक की. पहचान होने पर परिजनों को जानकारी दी गई और शव जिला अस्पताल के शव ग्रह में रखवाया गया.जानकारी के अनुसार जबलपुर नाका चौकी अंतर्गत मलैया कृषि फार्म के सामने लोगों ने युवक का शव देखा पास ही उसकी बाइक खड़ी थी. जबलपुर नाका चौकी से एएसआई अभय सिंह, प्रधान आरक्षक सचिननामदेव, आरक्षक रूपेश और निखिल सहित पुलिस मौके पर पहुंची. मृतक की पहचान सुरेंद्र पिता प्रहलाद यादव 30 निवासी



मुड़ेरी थाना तेजगढ़ के रूप में हुई है.परिजनों को सूचना देकर शव जिला अस्पताल भिजवाया. एएसआई अभय सिंहने बताया कि मृतक तेजगढ़ थाना क्षेत्र में रहता है. परिजनों से बात हुई तो उन्होंने जानकारी दी कि वह गुरुवार से लापता था,जिसकी खोज उनके द्वारा की गई.शुक्रवार सुबह उसका शव जबलपुर नाका क्षेत्र में मिला है पास ही बाइक खड़ी है.शव पर किसी प्रकार की चोट के निशान नहीं है पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत का सही कारण पता चलेगा.मर्ग कायम कर मामले में जांच शुरू कर दी गई है.